1978-79 were about 66 per cent and 56 per cent respectively. The performance of the first three generating units, having a total capacity of 300 MW, at Badarpur has improved considerably in the last three months achieving a load factor during this period of about 55 per cent.

(c) The normal peak requirements of Delhi can be not fully from the generation from Indraprastha and Badarpur Thermal Power Stations. However, in the event of simultaneous outages of a number of generating units at these stations, the demand of Delhi can be met by import of power from the Northern Regional Electrical grid.

**कर्मचारी निरीक्षण एकक द्वारा दूरदर्शन में किया गया कार्य विश्लेषण**

10152. **श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्मचारी निरीक्षण एकक द्वारा दूरदर्शन में कार्य विश्लेषण करने का क्या औचित्य है ;

(ख) कर्मचारी निरीक्षण एकक की दूरदर्शन से सम्बंधित सिफारिशों को कार्यान्वित करने के क्या कारण है जबकि वर्गीज समिति की सिफारिशों को लागू किया जाना है; और

(ग) क्या सरकार इस बात को देखते हुए कि कर्मचारी निरीक्षण एकक में दूरदर्शन विशेषज्ञता वाला कोई सदस्य नहीं था, एकक की सिफारिशों को क्रियान्वित किए जाने से रोकेगी और इसके क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) :** (क) कर्मचारी निरीक्षण यूनिट ने मुख्य दूरदर्शन केन्द्रों में, जहां स्टाफ तदर्थ आधार पर दिया गया था स्टाफ देने के लिए मानक निर्धारित करने के लिए अध्ययन किया ।

(ख) सब मिलाकर वर्गीज समिति की सिफारिशें समूचे रूप से दूरदर्शन के ढांचे, अर्थात उसको स्वायत्तता देने के सन्दर्भ में सम्बन्धित हैं जबकि कर्मचारी निरीक्षण यूनिट की सिफारिशें प्रत्येक पद के काम के बारे में विचार करते हुए दूरदर्शन केन्द्रों में दिए जाने वाले स्टाफ की संख्या से संबंधित है । दूरदर्शन केन्द्रों में एक समान पैटर्न पर पर्याप्त स्टाफ देने की दृष्टि से सिफारिशें कार्यान्वित की जा रही है ।

(ग) कर्मचारी निरीक्षण यूनिट ने प्राक्कलन समिति (64वीं रिपोर्ट, 1973-74) द्वारा की गई इस सिफारिश की दूरदर्शन के पूरे स्टाफिंग पैटर्न और स्टाफ सम्बन्धी स्थिति की कर्मचारी निरीक्षण यूनिट, जिसके साथ दूरदर्शन के क्षेत्र में विशेषज्ञ भी सम्मिलित किए जाएं, द्वारा जांच की जानी चाहिए, के अनुसरण में दूरदर्शन केन्द्रों की स्टाफ संबंधी आवश्यकताओं की जांच की । कर्मचारी निरीक्षण यूनिट ने विशेषज्ञों के साथ परामर्श कर अध्ययन किया । उसकी रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार कर लिया है । रिपोर्ट को कार्यान्वित न करने का प्रश्न नहीं उठता ।

**प्रोडक्शन कर्मचारियों की संख्या में कमी**

10153. **श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन के भिन्न-भिन्न केन्द्रों पर प्रोडक्शन कर्मचारियों (कैमरामैन, प्रोड्यूसर, साउण्ड रिकार्डर, एडीटर, ट्राली-मैन आदि जैसे स्टाफ आर्टिस्ट) की संख्या में काफी कमी की गई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या इस से कार्यक्रम की गुणवत्ता तथा संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ; और

(ग) यदि हां, तो पारेषण की अवधि कम न किए जाने के क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।